Cardano Foundation

# कार्डानो ब्लॉकचेन का प्रस्तावित संविधान

# कार्डेनो ब्लॉकचेन का संविधान


**प्रस्तावना....1**
**अनुच्छेद I. परिभाषित नियम....3**
**अनुच्छेद II प्रयोजनीयता....4**
**अनुच्छेद III सिद्धांत और गार्डरेल....5**
अनुभाग 1: उद्देश्य और दायरा....5
अनुभाग 2: कार्डेनो के सिद्धांत....5
अनुभाग 3: ब्लॉकचेन तटस्थता....6
अनुभाग 4: गार्डरेल....6
**अनुच्छेद IV कार्डेनो ब्लॉकचेन के मापदंड....6**
अनुभाग 1: आर्थिक मापदंड....7
अनुभाग 2: नेटवर्क के मापदंड....7
अनुभाग 3: प्रशासनिक मापदंड....7
अनुभाग 4: तकनीकी और सुरक्षा के मापदंड....7
**अनुच्छेद V. कार्डेनो ब्लॉकचेन शासन....7**
अनुभाग 1: प्रशासनिक मॉडल....7
अनुभाग 2: प्रशासनिक निकाय....7
अनुभाग 3: प्रशासनिक कार्रवाईयां....7
अनुभाग 4: मतदान....8
अनुभाग 5: मतदान सीमा और गणपूर्ति....9
**अनुच्छेद VI कार्डेनो समुदाय....9**
**अनुच्छेद VII संवैधानिक समिति....10**
अनुभाग 1: संवैधानिक समिति के कार्य और भागीदारी....10
अनुभाग 2: संवैधानिक समिति की संरचना....10
अनुभाग 3: संवैधानिक समिति के सदस्यों का चुनाव....10
अनुभाग 4: अविश्वास की स्थिति....10
अनुभाग 5: संवैधानिक समिति का मतदान और आचरण....11
अनुभाग 6: सामुदायिक सहयोग....11
अनुभाग 7: मुआवज़ा....11
**अनुच्छेद VIII नियुक्त प्रतिनिधि....11**
अनुभाग 1: DRep के शासनिक कार्य....11
अनुभाग 2: DRep का पंजीकरण....11
अनुभाग 3: DRep का चयन....12
अनुभाग 4: DRep का मुआवज़ा....12
**अनुच्छेद IX हिस्सेदारी पूल के संचालक (STAKE POOL OPERATORS)....12**
अनुभाग 1: SPO के शासनिक कार्य....12
अनुभाग 2: हार्ड फोर्क आरंभ....12
**अनुच्छेद X. कुल परिवर्तन सीमा, कार्डानो बजट और ट्रेज़री से आहरण....12**
अनुभाग 1: कुल परिवर्तन की सीमा राशि....12
अनुभाग 2: कार्डानो का बजट....13
अनुभाग 3: ट्रेज़री से आहरण....13

## प्रस्तावना

इस बात को स्वीकार करना  कि तीन प्रमुख संगठनों, इनपुट-आउटपुट हॉन्ग कॉन्ग, एमर्गो और कार्डेनो फाउंडेशन ने, कार्डेनो समुदाय के सहयोग से, कार्डेनो ब्लॉकचेन के उद्भव को बढ़ावा दिया है, जिसने एक विकेन्द्रीकृत डिजिटल आधारभूत ढाँचे की नींव रखी है जो व्यक्तियों को सशक्त बनाता है और सहयोग तथा नवाचार को प्रोत्साहित करता है। उनके प्रयासों ने व्यक्तियों और संगठनों का एक जीवंत और विविधतापूर्ण वातावरण तैयार किया है जहां कोई भी कार्डेनो इकोसिस्टम के विकास और सफलता में योगदान दे सकता है।

इस बात को स्वीकार करना कि  कार्डेनो ब्लॉकचेन, ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी, स्मार्ट अनुबंधों और सामुदायिक प्रशासन के विकेन्द्रीकृत परिवेश के भीतर मौजूद है जो वैश्विक आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रणालियों में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। कार्डेनो ब्लॉकचेन एक आधारभूत ढाँचा प्रदान करती है जो व्यक्तियों और समुदायों को उनकी पहचान, मूल्यों और प्रशासन का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाता है, जो विकेंद्रीकृत अनुप्रयोगों, व्यवसायों और नेटवर्क के उद्भव को प्रोत्साहित करता है।

इस बात को स्वीकार करना  कि कार्डेनो इकोसिस्टम का काफी विस्तार हुआ है और यह विकेंद्रीकृत और अनुमति-रहित तरीके से संचालित होता है, जिससे कार्डेनो ब्लॉकचेन की अनुकूलन क्षमता और स्वायत्तता और अधिक सशक्त हुई है।

यह बात को ध्यान में रखते हुए कि कार्डेनो इकोसिस्टम का विकास जारी है, इसके प्रशासन मॉडल को भी इसके सिद्धांतों को प्रतिबिंबित करने के लिए अनुकूलित और विकसित करने की आवश्यकता है, जिसमें विकेंद्रीकरण, सामुदायिक भागीदारी, जवाबदेही, समावेशिता और सहयोग शामिल हैं, जो स्व-शासन और मानव संपर्क सहयोग के नए तरीकों का आधार हैं।

इस बात को स्वीकार करना कि शासन का एक अधिक सशक्त और अनुकूलनीय ढाँचे की आवश्यकता है, जो जहाँ भी संभव और लाभकारी हो, ऑन-चेन शासन को स्थापित करने के लिए ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग करता है, कार्डेनो समुदाय इसके तकनीकी गार्डरेल्स सहित इस कार्डेनो संविधान की स्थापना करता है जो अनुमेय प्रशासनिक कार्रवाईयों के लिए सुरक्षा उपायों का एक संकलन प्रदान करता है। कार्डेनो संविधान कार्डेनो ब्लॉकचेन के संचालन और शासन के।लिए सिद्धांतों को कार्डेनो इकोसिस्टम के विकास में योगदान देने के लिए एक नींव के रूप में निर्धारित करता है।

विश्वास  और सहयोग वाले परिवेश का पालन करना, जो यह सुनिश्चित करता है कि पारदर्शिता, खुलेपन और उत्तरदायित्व के सिद्धांतों के अनुसार कार्डेनो इकोसिस्टम के सर्वोत्तम हित में निर्णय लिए जाएं, कार्डेनो कम्युनिटी कार्डेनो ब्लॉकचेन और कार्डेनो इकोसिस्टम के निरंतर सुधार, विकास और सफलता की दिशा में मिलकर काम करने का प्रयास करता है।

इस बात को स्वीकार करना कि SPOs और सभी Ada धारकों को कार्डेनो ब्लॉकचेन के प्रशासन में योगदान करने का अवसर प्रदान करना महत्वपूर्ण है, ताकि दृष्टिकोणों की विविधता को बढ़ावा दिया जा सके।

इस बात को स्वीकार करना कि  Ada धारक किसी भी संगठन या सहयोगी से स्वतंत्र रूप से कार्डेनो ब्लॉकचेन के शासन में योगदान करने के लिए स्वतंत्र हैं।

इस बात को स्वीकार करना कि कार्डेनो ब्लॉकचेन की प्रकृति अंततः सॉफ्टवेयर कोड द्वारा कार्यान्वित एक निर्माण है और इसलिए इस संविधान को बनाए रखने और लागू करने में इसके डेवलपर्स और इंजीनियरों की एक महत्वपूर्ण भूमिका और अपेक्षा है।

इस बात को स्वीकार करना कि  संविधान को यथावत रखने में संवैधानिक समिति की आवश्यक भूमिका और Ada धारकों के प्रतिनिधियों के रूप में DReps का महत्व है।

इस बात को स्वीकार करना कि कार्डेनो की ट्रेज़री को कार्डेनो समुदाय के लिए उपलब्ध संसाधनों के स्थायी, उत्तरदायी और प्रभावी उपयोग के लिए एक ढाँचे की आवश्यकता है।

इस बात को स्वीकार करना कि कार्डेनो समुदाय को कार्डेनो इकोसिस्टम के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए आपस में नए सहयोगी संगठन बनाने का अधिकार है।

अनुच्छेद I. परिभाषित नियम

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सक्रिय ब्लॉक के उत्पादन की भागीदारी | इसका अर्थ है, SPO के संबंध में, लवलेस की संख्या जो सक्रिय रूप से ब्लॉक के उत्पादन कार्य के लिए SPO को सौंपी गई है। |
| 2. | सक्रिय मतदान की भागीदारी | सक्रिय मतदान हिस्सेदारी लवलेस की कुल संख्या को संदर्भित करती है जिसे सक्रिय माना जाता है, आवश्यक मतदान गतिविधि और मतदान के लिए पंजीकरण के आधार पर जैसा कि गार्डरेल्स में निर्दिष्ट है, और मत निर्धारित करने के उद्देश्यों के लिए गिना जाता है। |
| 3. | ada | इसका अर्थ है वह क्रिप्टोकरेंसी जो मूलतः कार्डेनो ब्लॉकचेन की है |
| 4. | Ada धारक | इसका अर्थ है ऐसे व्यक्ति हैं जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ada टोकन(नों) के लिए निजी कुंजी(यों) को नियंत्रित करते हैं। |
| 5. | कुल परिवर्तन की सीमा अवधि | इसका अर्थ है 73 युगों (लगभग एक वर्ष) की अवधि जिसमें कुल परिवर्तन सीमा की एक राशि प्रभावी रहती है। |
| 6. | कार्डेनो ब्लॉकचेन | "कार्डेनो" नाम से संचालित एक सार्वजनिक, प्रूफ-ऑफ-स्टेक, पीयर-टू-पीयर, वितरित लेज़र प्रणाली। |
| 7. | कार्डेनो समुदाय | कार्डेनो समुदाय सभी Ada धारकों को संदर्भित करता है |
| 8. | कार्डेनो इकोसिस्टम | कार्डेनो इकोसिस्टम से कार्डेनो ब्लॉकचेन पर गतिविधि करने वाले सभी प्रतिभागियों का संदर्भ होता है, जिसमें SPO, DRep, कार्डेनो समुदाय और CC शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। |
| 9. | कार्डेनो ट्रेज़री | कार्डेनो ट्रेज़री एक विकेन्द्रीकृत ऑन-चेन ada प्रबंधन प्रणाली है जो लेन-देन के शुल्क और मौद्रिक विस्तार से प्राप्त एडा को अपने पास रखती है और प्रदान करती हैं। |
| 10. | संवैधानिक समिति | इसका अर्थ है संविधान के सिद्धांतों को बनाए रखने और लागू करने के लिए उत्तरदायी शासकीय निकाय । |
| 11. | नियुक्तक | Ada धारक, जिसने अपनी हिस्सेदारी को हिस्सेदारी के किसी पूल (ब्लॉक उत्पादन के लिए) और/या एक DRep (प्रशासन के लिए) को सौंप दिया है। |
| 12. | DRep या नियुक्त प्रतिनिधि | एक विधिवत पंजीकृत प्रतिनिधि, जो प्रशासनिक कार्रवाईयों पर मतदान करता है। |
| 13. | प्रशासनिक कार्रवाई | इसका अर्थ है कार्डेनो ब्लॉकचेन के मापदंडों पर जानकारी रिकॉर्ड करने की क्रिया, उसके संबंध में कार्रवाई करना या उसे संशोधित करना, जिसे कार्डेनो ब्लॉकचेन पर मतदान के योग्य संस्थानों द्वारा मतदान के लिए प्रस्तुत किया जाता है। |

| | | |
|---|---|---|
| 14. | प्रशासन की कार्रवाई का प्रस्ताव | इसका अर्थ है शासन की संभावित कार्रवाई के लिए प्रस्ताव जो कार्डेनो समुदाय के सदस्य या संवैधानिक समिति के सदस्य द्वारा कार्डेनो समुदाय द्वारा चर्चा या विचार के लिए प्रस्तुत किया जाता है |
| 15. | शासनिक निकाय | इसका अर्थ है कोई संगठन या समूह जिसके पास संविधान में वर्णित प्रशासन की कार्रवाई पर मतदान करने का अधिकार होता है, जिसमें वर्तमान में DRep, संवैधानिक समिति और SPO शामिल हैं। |
| 16. | गार्डरेल | गार्डरेल से कार्डेनो ब्लॉकचेन की कार्यक्षमता, सुरक्षा और प्रदर्शन को बनाए रखने के लिए आवश्यक शर्तों और मापदंडों का संदर्भ होता है, जिनमें से कुछ, परंतु सभी नहीं, सीधे कार्डेनो ब्लॉकचेन पर लागू होते हैं। |
| 17. | गार्डरेल आलेख | प्लूटस आलेख जो संविधान के साथ चेन पर दर्ज किया जाता है, और जो चेन पर शासन की कार्वाई को जमा किए जाने पर स्वचालन योग्य गार्डरेल को लागू करती है। |
| 18. | लवलेस | इसका अर्थ है ada की एक इकाई, जिसमें प्रत्येक ada के लिए एक मिलियन लवलेस होते हैं। |
| 19. | कम लागत वाला आक्रमण | ऐसा आक्रमण जिसके लिए बहुत कम ada, प्रयास या अन्य संसाधनों की आवश्यकता होती है। इन मात्रिकों के लिए स्वीकार्य मूल्य निर्धारित किए जाने की आवश्यकता है। |
| 20. | मेननेट वातावरण | इसका अर्थ है कार्डेनो ब्लॉकचेन प्रोटोकॉल की आधार परत जो लाइव है और परिचलन में है। |
| 21. | कुल परिवर्तन की सीमा राशि | इसका अर्थ है ada में वह सीमा जिसके द्वारा कार्डेनो ट्रेज़री किसी निश्चित अवधि में नहीं बदलेगी। |
| 22. | ऑन-चेन और ऑफ-चेन | "ऑन-चेन" का अर्थ है वह क्रियाएं जो कार्डेनो ब्लॉकचेन पर दिखाई देती हैं। "ऑफ-चेन" का अर्थ है वह क्रियायेंएं जो कार्डेनो ब्लॉकचेन पर दिखाई नहीं देती हैं, परंतु इस संविधान द्वारा शासित होती हैं। |
| 23. | मापदंड | इसका अर्थ है कार्डेनो ब्लॉकचेन के कार्यान्वयन के लिए व्यवस्थाएं और सीमाएं जो संविधान में निर्दिष्ट हैं। |
| 24. | प्रोटोकॉल | इसका अर्थ है कार्डेनो ब्लॉकचेन SDR के<br>संचालन को नियंत्रित करने वाले एल्गोरिदम, नियम और |
| 25. | प्रक्रियाएं | इसका अर्थ है "विशेष आहरण अधिकार", जो अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा बनाई गई विश्व मुद्राओं के एक संग्रहण के मूल्य के आधार पर एक अंतर्राष्ट्रीय आरक्षित संपत्ति को संदर्भित करता है। "फ़िएट" के संदर्भ SDR के संदर्भ बनेंगे। |
| 26. | SPO | स्टेक पूल ऑपरेटर, जो कार्डेनो ब्लॉक-उत्पादक नोड को चलाता है। |
| 27. | मतदान | का अर्थ है कार्डेनो ब्लॉकचेन पर प्रस्तावित प्रशासनिक कार्रवाईयों पर व्यक्त किए गए निर्णय। |

अनुच्छेद **II** प्रयोजनीयता

1. यह संविधान कार्डेनो समुदाय के सभी सदस्यों, DRep, SPO और संवैधानिक समिति के सदस्यों पर लागू होगा, जब तक कि वे कार्डेनो ब्लॉकचेन और कार्डेनो इकोसिस्टम में एक दूसरे के साथ पारस्परिक संवाद करते हैं।

2. चूँकि यह प्रस्तावना इस संविधान के लिए तर्क प्रदान करती है, इसे प्रस्तावित प्रशासनिक कार्यर्र्वाईयों की संवैधानिकता का आँकलन करने के उद्देश्य से गैर-बाध्यकारी माना जायेगा।

3. नीचे दिए गए अनुच्छेद **III** में निर्धारित सिद्धांतों को प्रभावी बनाने के लिए इस संविधान की व्याख्या की जायेगी।

अनुच्छेद **III** सिद्धांत और गार्डरेल

अनुभाग **1:** उद्देश्य और दायरा

इस अनुच्छेद में दिए गए सिद्धांतों का उद्देश्य कार्डेनो इकोसिस्टम में सभी कार्यकर्त्ताओं का मार्गदर्शन करना है, जिसमें कार्डेनो संवैधानिक समिति, SPO, DRep और Ada धारक शामिल हैं। सभी प्रशासनिक कार्रवाईयों का मूल्यांकन इन सिद्धांतों के अनुसार किया जायेगा।

अनुभाग **2:** कार्डेनो के सिद्धांत

1. कार्डेनो ब्लॉकचेन अपनी सार्वजनिक और अनुमतिहीन प्रकृति को बनाए रखेगी।

2. कार्डेनो ब्लॉकचेन प्रशासन की प्रक्रियाएं सुलभ, पारदर्शी और अनुकूलनीय होंगी।

3. कार्डेनो ब्लॉकचेन का विकास और संचालन सुरक्षा, विश्वसनीयता और अनुकूलनीयता को प्राथमिकता देगा, जिसमें विफलता या निर्भरता के एकल बिंदुओं से बचना शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।

4. कार्डेनो इकोसिस्टम वित्तीय स्थिरता के लिए प्रयास करेगा।

5. ada की कुल आपूर्ति 45,000,000,000 ada (45,000,000,000,000,000 लवलेस) से अधिक नहीं होगी।

6. मूल्य और जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, कार्डेनो ब्लॉकचेन पोस्ट-क्वांटम सुरक्षा, विकेंद्रीकृत भंडारण और कुंजी के तटस्थ प्रबंधन के दृष्टिकोणों के लिए प्रयास करेगा।

7. कार्डेनो इकोसिस्टम कार्डेनो ब्लॉकचेन के विकेंद्रीकरण के लिए प्रयास करेगा जिसमें स्केलेबल ऑन- एवं ऑफ-चेन समाधान शामिल हैं जो पहुँच, आर्थिक स्थिरता, सुरक्षा और प्रदर्शन के साथ अनुचित व्यवसाय क्रियाओं के बिना प्रवाह क्षमता, टुकड़े, निपटान और गतिशील मूल्य निर्धारण पर विचार करते हैं।

8. कार्डेनो ब्लॉकचेन दीर्घकालिक स्थिरता और व्यवहार्यता का पालन करेगी, जैसे कि निष्पक्षता, तटस्थता, स्थिरता, शसक्त प्रशासन, विकेंद्रीकृत पहचान को बढ़ावा देने, कार्डेनो कम्युनिटी द्वारा सहयोग और भागीदारी जैसी विशेषताओं में परिलक्षित होता है।

9. कार्डेनो ब्लॉकचेन को सुरक्षा, अनुकूलता और पहुँच को बढ़ावा देने और केंद्रीकरण के जोखिमों को कम करने के लिए एक मुक्त-स्रोत वाली, सहयोगात्मक पद्धति में विकसित किया जायेगा, और यह हर समय एक अनुमेय मुक्त-स्रोत वाले लाइसेंस के तहत उपलब्ध रहेगा।

10. कार्डेनो इकोसिस्टम में सभी प्रतिभागियों के साथ निष्पक्ष व्यवहार किया जाएगा और प्रशासनिक कार्यवाहियों पर विचार करते समय उनके हितों को ध्यान में रखा जायेगा।

11. कार्डेनो ब्लॉकचेन को अन्य ब्लॉकचेन के साथ अंतर-संचालन क्षमता और पहुँच को बढ़ावा देना चाहिए।

12. कार्डेनो ब्लॉकचेन अनावश्यक रूप से ऑन-चेन संसाधनों पर खर्च नहीं करेगी।

13. कार्डेनो ब्लॉकचेन हार्डवेयर संसाधनों के कुशल डिज़ाइन और उपयोग को बढ़ावा देगी।

14. कार्डेनो ब्लॉकचेन निष्पक्ष और उचित टोकनोमिक्स के माध्यम से अपने संचालन में योगदान को पहचानेगी, रिकॉर्ड करेगी और पुरस्कृत करेगी।

अनुभाग **3:** ब्लॉकचेन तटस्थता

1. कार्डेनो ब्लॉकचेन पर लेन-देन को धीमा नहीं किया जायेगा या सेंसर नहीं लगाया जायेगा, और उन्हें उनके इच्छित कार्य के लिए शीघ्रता से संसाधित किया जायेगा।

2. कार्डेनो ब्लॉकचेन Ada धारक की सहमति के बिना Ada में लॉक नहीं होगी।

3. कार्डेनो ब्लॉकचेन के डिज़ाइन को किफ़ायती, सुलभ और पूर्वानुमानित लेन-देन की लागत वाले मॉडल की सुविधा प्रदान की जायेगी।

4. कार्डेनो ब्लॉकचेन पर एप्लिकेशन विकसित और उपयोग करने की इच्छा रखने वाले किसी भी व्यक्ति को ऐसा करने से अनुचित रूप से नहीं रोका जायेगा। कार्डेनो समुदाय को एप्लिकेशन विकसित करने और उपयोग करने में सहायता करने के लिए सुविधाओं को बढ़ावा दिया जायेगा।

अनुभाग **4:** गार्डरेल

1. कार्डेनो ब्लॉकचेन इस संविधान के परिशिष्ट I में निर्धारित गार्डरेल्स के अनुसार काम करेगी। गार्डरेल कार्डेनो ब्लॉकचेन की इस समय की सर्वश्रेष्ठ तकनीकी समझ को दर्शाते हैं और इस संविधान के अनुसार नई जानकारी के आधार पर बदलाव के लिए खुले रहेंगे।

2. गार्डरेल कार्डेनो ब्लॉकचेन को व्यवधान, सुरक्षा और प्रदर्शन संबंधी समस्याओं से बचाकर सुरक्षित और स्थायी तरीके से संचालित करने में सक्षम बनायेंगे। वे कार्डेनो ब्लॉकचेन मेननेट परिवेश पर लागू होंगे, और परीक्षण के परिवेशों या कार्डेनो ब्लॉकचेन सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने वाले अन्य ब्लॉकचेन पर लागू होने के लिए नहीं है।

3. गार्डरेल में निर्धारित कार्डेनो ब्लॉकचेन के मापदंडों को एक साथ पढ़ा जायेगा और उनपर अलग से विचार नहीं किया जायेगा। मापदंडों के बीच ज्ञात पारस्परिक संवाद को गार्डरेल में नोट किया जाता है।

4. गार्डरेल कार्डेनो ब्लॉकचेन पर प्रशासन की क्रियाओं पर लागू होते हैं, जिसमें प्रोटोकॉल के मापदंडों के परिवर्तन और कार्डेनो ट्रेज़री से निकासी शामिल होते हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं होते हैं। गार्डरेल प्रोटोकॉल के मापदंडों और व्यवस्थाओं पर आवश्यक और आंतरिक दोनों सीमाओं को शामिल करते हैं, और अनुभव, माप और प्रशासन के उद्देश्यों से प्राप्त अनुसंशाओं पर आधारित होते हैं।

5. जहाँ तकनीकी आधार पर संभव हो, गार्डरेल को स्वचालित किया जायेगा और ऑन-चेन आलेख या बहीखाता के अंतर्निहित नियमों के माध्यम से लागू किया जाएगा।

6. गार्डरेल को प्रशासनिक कार्रवाईयों के अनुसार संशोधित किया जा सकता है जो लागू मतदान सीमा (यदि कोई हो) को पूरा करते हों। प्रायः, परिशिष्ट I में निर्धारित गार्डरेल में किए गए संशोधन को संविधान में ही संशोधन माना जाएगा और नए संविधान या गार्डरेल का आलेख प्रशासन की कार्रवाई के लिए आवश्यक मतदान सीमा के अधीन होगा।

7. गार्डरेलों को गार्डरेल के पहले पेज पर स्पष्ट संस्करण संख्या और प्रभावी तिथि के साथ प्रकाशित किया जायेगा।

8. गार्डरेलों और कार्डेनो ब्लॉकचेन पर लागू किए गए मापदंडों के बीच विसंगतियों होने पर, लागू किए गए मापदंड लागू होंगे। संवैधानिक समिति के सदस्य शासन की उचित कार्रवाई के सुझाव या प्रोत्साहन के माध्यम से ऐसी विसंगतियों को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

अनुच्छेद **IV** कार्डेनो ब्लॉकचेन के मापदंड

1. कार्डेनो ब्लॉकचेन के मापदंड इस संविधान के अनुसार आवश्यक शासन कार्रवाई की पुष्टि करके परिवर्तित किए जा सकते हैं।

2. ये मापदंड निम्नलिखित श्रेणियों में आते हैं: आर्थिक, नेटवर्क, प्रशासन, तकनीकी और सुरक्षा के मापदंड। मापदंडों में किसी भी प्रस्तावित परिवर्तन का मूल्यांकन इस संविधान की प्रस्तावना और सिद्धांतों के साथ-साथ नीचे उल्लिखित मुख्य उद्देश्यों के अनुसार किया जायेगा और यह प्रभाव के सतत आकलन और तकनीकी विश्लेषण पर आधारित होगा जो इसमें शामिल किसी भी भौतिक व्यापार को पारदर्शी बनाता है।

अनुभाग **1:** आर्थिक मापदंड

कार्डेनो ब्लॉकचेन के आर्थिक मापदंडों का मुख्य उद्देश्य कार्डेनो ब्लॉकचेन के लिए दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता को सक्षम करना, कार्डेनो ब्लॉकचेन को बनाए रखने के लिए SPO को पर्याप्त रूप से पुरस्कृत किया जाना यह सुनिश्चित करना, ada धारकों को उनके ada को रचनात्मक तरीकों से उपयोग करने के लिए पर्याप्त रूप से पुरस्कृत किया जाना यह सुनिश्चित करना और कार्डेनो इकोसिस्टम के विभिन्न प्रतिभागियों के लिए आर्थिक प्रोत्साहन को संतुलित करना है।

अनुभाग **2:** नेटवर्क के मापदंड

कार्डेनो ब्लॉकचेन के नेटवर्क के मापदंडों का मुख्य उद्देश्य कार्डेनो ब्लॉकचेन नेटवर्क की उपलब्ध क्षमता को वर्तमान या भविष्य की ट्रैफ़िक की माँगों से मेल खाना और कार्डेनो इकोसिस्टम के विभिन्न प्रतिभागियों के लिए ट्रैफ़िक की मांगों को संतुलित करना है।

अनुभाग **3:** प्रशासनिक मापदंड

कार्डेनो ब्लॉकचेन के प्रशासन के मापदंड का मुख्य उद्देश्य कार्डेनो ब्लॉकचेन की शासन प्रणाली की स्थिरता सुनिश्चित करना और इस संविधान के अनुसार शासन प्रणाली को बनाए रखना है।

अनुभाग **4:** तकनीकी और सुरक्षा के मापदंड

कार्डेनो ब्लॉकचेन के तकनीकी और सुरक्षा के मापदंडों का मुख्य उद्देश्य विकेंद्रीकरण, सिबिल और 51% आक्रमणों से सुरक्षा और सेवा संबंधी आक्रमणों से इनकार किए जाने पर कार्डेनो ब्लॉकचेन नेटवर्क की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। तकनीकी और सुरक्षा संबंधी मापदंड अनुबंध के निष्पादन की बढ़िया सीमाओं और संबंधित लागत मॉडल में परिवर्तनों को भी नियंत्रित करते हैं।

अनुच्छेद **V.** कार्डेनो ब्लॉकचेन शासन

अनुभाग **1:** प्रशासनिक मॉडल

1. कार्डेनो ब्लॉकचेन सहभागी शासन के एक मॉडल का उपयोग करेगी जिसके अधीन ada धारक प्रशासनिक कार्र्वाईयों के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं और इस अनुच्छेद V के जाँच और संतुलन के अनुसार ऐसे प्रस्तावों पर मतदान कर सकते हैं।

2. प्रशासनिक कार्र्वाईयों में भाग लेने, प्रस्तुत करने और मतदान करने की प्रक्रिया पारदर्शी होगी और हेर-फेर से सुरक्षित होगी।

अनुभाग **2:** प्रशासनिक निकाय

कार्डैनो ब्लॉकचेन का संचालन तीन प्रशासनिक निकायों के माध्यम से किया जायेगा: DRep, SPO और संवैधानिक समिति। ये प्रशासन निकाय कार्डानो ब्लॉकचेन के लिए जाँच और संतुलन प्रदान करेंगे।

अनुभाग **3:** प्रशासनिक कार्रवाईयां

1. Ada धारक किसी भी समय कार्डानो ब्लॉकचेन पर प्रशासनिक कार्यवाही का प्रस्ताव दे सकते हैं। इस समय यह संविधान निम्नलिखित प्रशासनिक कार्र्वाईयों यों का अनुमान लगाता है:

    a. अविश्वास प्रस्ताव, वर्तमान संवैधानिक समिति को अस्वीकार/ज़ब्त/त्याग करना जब तक कि प्रतिस्थापित समिति का चुनाव/नामांकन नहीं हो जाता;

    b. समिति और/या सीमा और/या अवधि को अपडेट करना, संवैधानिक समिति के सदस्यों या सीमा या अवधि को बदलने के लिए, या इसके किसी भी संयोजन को बदलने के लिए;

    c. नया संविधान या गार्डरेल आलेख, गार्डरेल सहित संविधान में संशोधन करने या गार्डरेल स्क्रिप्ट को अपडेट करने या हटाने के लिए;

    d. हार्ड-फोर्क आरंभ, कार्डानो ब्लॉकचेन सॉफ़्टवेयर के अग्रणी सुसंगत अपग्रेड को शुरु करना;

    e. प्रोटोकॉल के मापदंड में परिवर्तन, कार्डानो ब्लॉकचेन के अद्यतन योग्य मापदंडों में एक या अधिक परिवर्तन करना;

    f. ट्रेज़री से आहरण, कार्डानो ट्रेज़री से धन निकालना।

    g. सूचना कार्रवाईयां, किसी भी प्रोटोकॉल में परिवर्तन के लिए प्रतिबद्ध हुए बिना कार्डानो समुदाय की भावना को मापने की अनुमति देना

2. प्रशासनिक कार्रवाईयों के प्रस्ताव एक मानकीकृत और सुपाठ्य प्रारूप में होंगे और प्रस्ताव के लिए पर्याप्त तर्क शामिल होंगे, जिसमें प्रासंगिक रूप से, कार्डानो ब्लॉकचेन में कोई भी सुझाया गया परिवर्तन शामिल होगा। जहाँ मूल रूप से इस संविधान की भाषा के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में लिखा गया हो, वहाँ प्रशासनिक कार्रवाई के प्रस्तावों के साथ प्रशासनिक कार्रवाई के प्रस्ताव का इस संविधान की भाषा (अंग्रेज़ी) में अनुवाद होना चाहिए।

3. ट्रेज़री से आहरण की प्रशासनिक कार्रवाई में, विशेष रूप से, ऐसी जानकारी शामिल होगी जो निर्दिष्ट करती है कि विचाराधीन ट्रेज़री आहरण कार्डानो बजट में शामिल है या नहीं।

4. पर्याप्त तर्क का अर्थ यह होगा कि प्रस्ताव यह दर्शाता है कि प्रस्तावित प्रशासनिक कार्रवाई किस तरह से इच्छित उद्देश्य को प्राप्त करती है। सहायक दस्तावेज़, स्पष्ट और समझने योग्य भाषा और संरचना, जिसमें शीर्षक, एक सार, प्रस्ताव का कारण और प्रासंगिक सहायक लिंक शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, वे पर्याप्त तर्क के संकेतक हैं।

5. प्रशासनिक कार्रवाई के प्रस्तावों में एक URL और URL द्वारा इंगित विषय-सामग्री से प्राप्त एक हैश डाइजेस्ट शामिल होगा। किसी कार्रवाई को केवल तभी संवैधानिक माना जाएगा जब विषय-सामग्री को उसी हैश डाइजेस्ट का उत्पादन करने के लिए स्वतंत्र रूप से सत्यापित किया जा सके।

6. हार्ड फोर्क आरंभ और प्रोटोकॉल पैरामीटर परिवर्तन के लिए प्रशासनिक कार्रवाई पर्याप्त तकनीकी समीक्षा और जाँच से गुजरेगी, जैसा कि गार्डरेल में निर्धारित किया गया है। ऐसी प्रशासनिक कार्रवाईयों से कार्डानो ब्लॉकचेन की सुरक्षा, कार्यक्षमता या प्रदर्शन को कोई खतरा नहीं होगा।

7. प्रस्तावित प्रशासनिक कार्रवाईयों पर लागू शासन निकायों द्वारा मतदान किया जायेगा ताकि उन्हें अनुमोदित किया जा सके और बाद में लागू होने पर ऑन-चेन अधिनियमित किया जा सके।

8. जानकारी की क्रियाओं पर DRep, SPO और संवैधानिक समिति द्वारा मतदान किया जायेगा। जानकारी की क्रियाओं का कार्डानो ब्लॉकचेन पर ऐसे मतदान के परिणाम को रिकॉर्ड करने के अतिरिक्त कोई प्रभाव नहीं होता है। प्रशासन की जानकारी की कार्रवाईयां कार्डानो समुदाय की भावना की अभिव्यक्ति हैं और उन्हें पारित होने के लिए "हाँ" परिणाम की आवश्यकता नहीं होती है।

अनुभाग **4:** मतदान

1. प्रस्तावित शासनिक कार्रवाईयों पर निर्णय संवैधानिक समिति, SPO और DRep द्वारा इस संविधान और गार्डरेल की आवश्यकताओं के अनुसार मतदान प्रक्रिया के माध्यम से किए जाएंगे।

2. DRep और SPO के पास उन्हें सौंपे गए लवलेस के अनुपात में मतदान का अधिकार होगा। एक लवलेस एक मत के बराबर होगा।

3. संवैधानिक समिति के प्रत्येक सदस्य के पास एक मत होगा।

4. वोट "हाँ", "नहीं" या "अलग रहना" के रूप में डाले जा सकते हैं।

अनुभाग **5:** मतदान सीमा और गणपूर्ति

1. प्रत्येक शासनिक निकाय के लिए मतदान सीमा जो इस संविधान के पहले जारी होने की तिथि पर प्रभावी है, कॉनवे उत्पत्ति फ़ाइल में निर्धारित की गई है और इसे प्रोटोकॉल पैरामीटर अपडेट की शासनिक कार्रवाई द्वारा बदला जा सकता है। ऐसी प्रोटोकॉल पैरामीटर अपडेट शासनिक कार्रवाई को इस संविधान में संशोधन नहीं माना जायेगा।

2. मतदान की सीमा निम्नलिखित सीमाओं से परे नहीं होगी:

    a. संवैधानिक समिति: सभी पशासनिक कार्रवाईयों पर वोट 51% - 100% की सीमा के भीतर निर्धारित सीमा पर पारित होंगे। इस संविधान के पहले जारी होने की तिथि के अनुसार, यह सीमा संवैधानिक समिति के सदस्यों का 66,67% है।

    b. DRep और SPO: मतदान की सीमा, सीमा गार्डरेल के 3.6.4 पर "मतदान सीमा के लिए गार्डरेल" द्वारा निर्धारित की गई है।

3. किसी विशेष शासनिक निकाय द्वारा शासनिक कार्रवाई पर लागू वर्तमान मतदान सीमा वर्तमान में ऑन-चेन पर लागू किए गए मापदंडों से परामर्श करके पाई जा सकती है।

4. इस संविधान द्वारा आवश्यक होने पर संवैधानिक समिति के मतदान के अलावा, शासन कार्यों पर निम्नलिखित गणपूर्तियाँ लागू होंगी:

    a. मापदंडों में होने वाले परिवर्तनों को पारित होने के लिए एक सकारात्मक SPO वोट और एक सकारात्मक DRep मत की आवश्यकता होगी।

    b. हार्ड फोर्क आरंभों को पारित होने के लिए एक सकारात्मक SPO वोट और एक सकारात्मक DRep मत की आवश्यकता होगी।

c. अविश्वास प्रस्ताव और अद्यतन समिति/सीमा को पारित होने के लिए एक सकारात्मक SPO वोट और एक सकारात्मक DRep वोट की आवश्यकता होगी।

d. ट्रेज़री से आहरण को पारित करने के लिए एक सकारात्मक DRep वोट की आवश्यकता होगी।

e. जानकारी की शासनिक कार्रवाईयों के लिए एक SPO वोट और एक DRep वोट की आवश्यकता होगी, हालाँकि कोई परिणाम की आवश्यकता नहीं होती है क्योंकि इन शासनिक कार्रवाईयों का उपयोग केवल कार्डेनो समुदाय की भावना को मापने और रिकॉर्ड करने के लिए किया जाता है।

f. संवैधानिक संशोधनों को पारित होने के लिए एक सकारात्मक DRep वोट की आवश्यकता होगी।

5. अन्य सभी शासनिक कार्रवाईयों को पारित होने के लिए एक सकारात्मक DRep मत की आवश्यकता होगी।

अनुच्छेद **VI** कार्डेनो समुदाय

1. कार्डेनो इकोसिस्टम और कार्डेनो ब्लॉकचेन के प्रशासन में शामिल होने के लिए कार्डेनो समुदाय के सदस्यों के लिए किसी औपचारिक सदस्यता की आवश्यकता नहीं होगी।

2. कार्डेनो समुदाय के सदस्यों से इस संविधान के प्रावधानों का सहयोग और समर्थन करने और विवादों को निष्पक्ष, रचनात्मक और पारदर्शी तरीके से हल करने की अपेक्षा की जाती है।

3. कार्डेनो समुदाय प्रशासन की ऑफ-चेन प्रक्रियाओं के निर्माण, रखरखाव और मौजूदा प्रशासन का समर्थन करेगी, जैसा कि इस संविधान को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक हो सकता है और यह सुनिश्चित करने के लिए कि कार्डेनो ब्लॉकचेन के लिए शासनिक कार्रवाईयों पर बहस और उन्हें तैयार करने के लिए जागरूकता और अवसर हो।

4. इस समुदाय को कार्डेनो ब्लॉकचेन के लिए अनुप्रयोगों के विकास, रखरखाव और निर्माण में सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

अनुच्छेद **VII** संवैधानिक समिति

अनुभाग **1:** संवैधानिक समिति के कार्य और भागीदारी

1. संवैधानिक समिति को एक स्वतंत्र निकाय के रूप में स्थापित किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी प्रस्तावित शासनिक कार्रवाईयां इस संविधान के प्रावधानों के अनुरूप हैं, इससे पहले कि उन पर मतदान किया जाये और उन्हें लागू किया जाएं।

2. "अविश्वास प्रस्ताव" या "संवैधानिक समिति/सीमा को अद्यतन करें" के अतिरिक्त कोई भी शासनिक कार्रवाई ऑन-चेन लागू नहीं की जा सकती, जब तक कि संवैधानिक समिति ने पहले ऑन-चेन वोट के माध्यम से पुष्टि नहीं की हो कि ऐसा प्रस्ताव इस संविधान का उल्लंघन नहीं करता है।

अनुभाग **2:** संवैधानिक समिति की संरचना

1. संवैधानिक समिति के सदस्यों की संख्या कार्डेनो गार्डरेल्स द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जाएगी, जो किसी भी मामले में एक विषम संख्या होगी जो 3 से कम नहीं होगी और 9 से अधिक नहीं होगी, ताकि संवैधानिक समिति के भीतर मतदान गतिरोध से बचा जा सके। इस संविधान के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उनके पास आवश्यक तकनीकी और/या शासन विशेषज्ञता होनी चाहिए।

2. संवैधानिक समिति के सदस्य गार्डरेल के अनुरूप कार्यकाल पूरा करेंगे।

3. संवैधानिक समिति के संचालन में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए, संवैधानिक समिति के सदस्यों के कार्यकाल अलग-अलग रखा जाएगा।

अनुभाग **3:** संवैधानिक समिति के सदस्यों का चुनाव

1. कार्डानो समुदाय गार्डरेल की आवश्यकताओं के अनुरूप संवैधानिक समिति के सदस्यों के चुनाव के लिए समय-समय पर एक प्रक्रिया स्थापित और प्रकाशित करेगी।

2. यदि वर्तमान संवैधानिक समिति के कार्यकाल की समाप्ति से पहले कोई नई संवैधानिक समिति नहीं चुनी जाती है, या यदि संवैधानिक समिति कभी भी उपरोक्त धारा 3(1) की आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहती है, तो वर्तमान संवैधानिक समिति किसी भी निवर्तमान संवैधानिक समिति के सदस्यों को बदलने या संवैधानिक समिति के सदस्यों की आवश्यक संख्या प्राप्त करने के लिए आवश्यक नए सदस्य(यों) को चुनने के लिए एक शासनिक कार्र्वाई प्रस्तुत करेगी।

अनुभाग **4:** अविश्वास की स्थिति

संवैधानिक समिति हर समय निम्नलिखित दो स्थितियों में से किसी एक में रहेगी: विश्वास की स्थिति या अविश्वास की स्थिति। अविश्वास की स्थिति में, किसी भी अन्य ऑन-चेन शासनिक कार्र्वाई के आगे बढ़ने से पहले, तत्कालीन स्थायी संवैधानिक समिति के सदस्यों को या तो बहाल किया जाना चाहिए या "अद्यतन समिति/सीमा" शासनिक कार्र्वाई का उपयोग करके प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए।

अनुभाग **5:** संवैधानिक समिति का मतदान और आचरण

1. संवैधानिक समिति के सदस्य अपनी प्रक्रियाओं पर उचित जानकारी प्रकाशित करेंगे और लिए गए प्रत्येक निर्णय को प्रकाशित किया जायेगा।

2. संवैधानिक समिति के प्रत्येक सदस्य के पास एक मत होगा।

3. किसी शासनिक कार्र्वाई को अस्वीकार करते समय, संवैधानिक समिति का प्रत्येक सदस्य इस संविधान के लागू प्रावधानों के संदर्भों सहित अपने मत के लिए तर्क निर्धारित करेगा।

4. संवैधानिक समिति के सदस्य कार्डानो समुदाय को उन प्रस्तावों में सुधार करने के लिए सिफारिशें कर सकते हैं जिन्हें उन्होंने अस्वीकार कर दिया है।

5. संवैधानिक समिति: अपने लिए एक आचार संहिता स्थापित करेगी और प्रकाशित करेगी और ऐसी नीतियों और प्रक्रियाओं को अपनाएगी, जिसमें कोई भी नैतिक दिशानिर्देश शामिल होंगी, जिन्हें संवैधानिक समिति आवश्यक समझे।

अनुभाग **6:** सामुदायिक सहयोग

कार्डानो समुदाय संवैधानिक समिति के लिए आवश्यक और उचित उपकरणों के निर्माण, रखरखाव और मौजूदा प्रशासन का समर्थन करेगी ताकि वह अपने संवैधानिक कार्यों को पूरा कर सके।

अनुभाग **7:** मुआवज़ा

संवैधानिक समिति के सदस्यों को संवैधानिक समिति के सदस्यों के रूप में उनकी भूमिका के लिए मुआवज़ा दिया जा सकता है, बशर्ते कि इस तरह के मुआवज़े का कार्डानो बजट द्वारा पूर्वानुमान लगाया गया हो, सार्वजनिक रूप से प्रकट

किया गया हो और भूमिका को पूरा करने में होने वाली वास्तविक और उचित ख़र्चों को शामिल करने के लिए राशि सीमित हो।

## अनुच्छेद **VIII** नियुक्त प्रतिनिधि

### अनुभाग **1: DRep** के शासनिक कार्य

1. Ada धारक स्वयं DRep के रूप में पंजीकरण करके या अन्य पंजीकृत DRep को अपने मतदान के अधिकार सौंपकर शासनिक कार्रवाईयों पर सीधे मतदान कर सकते हैं।
2. DRep के पास उन्हें सौंपे गए लवलेस की संख्या के बराबर मतदान का अधिकार होगा।
3. DRep को DRep के तौर पर अपनी गतिविधियों को संचालित करने के लिए नैतिक दिशा-निर्देशों सहित आचार संहिता को अपनाने, प्रकाशित करने और बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

### अनुभाग **2: DRep** का पंजीकरण

1. किसी भी Ada धारक को DRep के रूप में पंजीकरण करने की अनुमति होगी। DRep एक या अधिक Ada धारकों के हित में कार्य कर सकता है।
2. किसी भी Ada धारक को अपने मतदान की हिस्सेदारी को एक या अधिक पंजीकृत DReps को सौंपने की अनुमति होगी, जिसमें वे स्वयं भी शामिल होंगे।
3. Ada धारकों को किसी भी समय अपने मतदान की हिस्सेदारी की नियुक्ति को परिवर्तित करने की अनुमति होगी।

### अनुभाग **3: DRep** का चयन

कार्डानो समुदाय से अपेक्षा की जाती है कि वह Ada धारकों को उनके मतदान प्रतिनिधिमंडल के लिए DReps चुनने में सक्षम बनाने के लिए उपकरणों के निर्माण, रखरखाव और मौजूदा प्रशासन के साथ सहयोग करे।

### अनुभाग **4: DRep** का मुआवज़ा

DRep को उनके प्रयासों के लिए मुआवज़ा दिया जा सकता है। उन्हें DRep के रूप में अपनी गतिविधियों के संबंध में प्राप्त किसी भी मुआवज़े की सार्वजनिक रूप से जानकारी देनी होगी।

## अनुच्छेद **IX** हिस्सेदारी पूल के संचालक **(STAKE POOL OPERATORS)**

### अनुभाग **1: SPO** के शासनिक कार्य

1. SPO निर्धारित शासनिक कार्रवाईयों पर एक अतिरिक्त जाँच तत्व के रूप में कार्य करेंगे, जहाँ वे गार्डरेल में निर्धारित DRep से अलग से मतदान करेंगे।
2. SPO सार्वजनिक रूप से खुलासा करेंगे यदि वे शासन की एक ही कार्रवाई पर एक साथ DRep के रूप में मतदान कर रहे हैं।

अनुभाग **2:** हार्ड फोर्क आरंभ

1. कार्डानो ब्लॉकचेन के नोड्स के संचालक के रूप में, SPO इस संविधान और गार्डरेल्स के अनुसार हार्ड फोर्क आरंभ प्रक्रिया पर मतदान करेंगे।

2. SPO हार्ड फोर्क आरंभ पर अपना मतदान करते समय कार्डानो ब्लॉकचेन की तत्परता पर विचार करेंगे।

अनुच्छेद **X.** कुल परिवर्तन सीमा, कार्डानो बजट और ट्रेज़री से आहरण

अनुभाग **1:** कुल परिवर्तन की सीमा राशि

1. किसी भी कार्डानो समुदाय के सदस्य द्वारा बजट की प्रत्येक अवधि के लिए एक कुल परिवर्तन सीमा राशि प्रस्तावित की जा सकती है, जो पूर्ववर्ती शासनिक कार्रवाई के बाद पूर्ववर्ती कुल परिवर्तन सीमा राशि को स्थापित करती है।

2. कुल परिवर्तन सीमा राशियों को एक जानकारी कीशासनिक कार्रवाई के रूप में प्रस्तावित किया जायेगा और लागू सीमाओं के अनुसार मतदान के अधीन होगा। DRep प्रत्येक कुल परिवर्तन सीमा अवधि के लिए एक कुल परिवर्तन सीमा राशि को स्वीकृति देगा।

3. यदि किसी कुल परिवर्तन सीमा अवधि के लिए कोई नई कुल परिवर्तन सीमा राशि स्वीकृत नहीं की जाती है, तो पिछली कुल परिवर्तन सीमा राशि लागू होती रहेगी।

अनुभाग **2:** कार्डानो का बजट

1. कार्डानो के बजट में प्रत्येक कुल परिवर्तन सीमा अवधि के लिए कार्डानो ब्लॉकचेन के मौजूदा संचालन, रखरखाव और विकास के लिए यथोचित रूप से आवश्यक संसाधन शामिल होते हैं।

2. कार्डानो के बजट में प्रशासन, प्रबंधन, अनुबंध, तृतीय पक्ष के ऑडिट और ऐसे पदों के आश्वासन के साथ-साथ संवैधानिक समिति के सदस्यों के लिए मुआवज़े सहित कार्डानो की शासनिक व्यवस्था के लिए यथोचित रूप से आवश्यक संसाधन भी शामिल हो सकते हैं।

3. कार्डानो समुदाय प्रत्येक कुल परिवर्तन सीमा अवधि के लिए एक कार्डानो बजट प्रस्तावित करेगी, जो जानकारी की एक शासनिक कार्रवाई का रूप लेगा और लागू सीमाओं के अनुसार मतदान के अधीन होगा।

4. कार्डानो समुदाय का कोई भी सदस्य, जिसमें कार्डानो समुदाय के सदस्य द्वारा गठित कोई भी सहयोगी निकाय शामिल है, कार्डानो के बजट का प्रस्ताव कर सकता है।

5. कार्डानो बजट की कुल राशि संबंधित कुल परिवर्तन सीमा अवधि के लिए लागू कुल परिवर्तन सीमा की राशि से अधिक नहीं होगी।

अनुभाग **3:** ट्रेज़री से आहरण

1. इस संविधान और गार्डरेल में निर्धारित आवश्यकताओं के अधीन, कोई भी व्यक्ति कार्डानो ट्रेज़री आहरण की शासनिक कार्रवाई का प्रस्ताव कर सकता है।

2. जब तक कार्डानो के बजट को मंजूरी नहीं मिल जाती और कुल परिवर्तन सीमा लागू नहीं हो जाती, तब तक कार्डानो ट्रेज़री से आहरण की शासनिक कार्रवाई की अनुमति नहीं दी जायेगी।

3. कार्डानो के बजट के लिए निकाली गई कोई भी ada DRep और SPO को नहीं सौंपी जाएगी या कार्डानो ब्लॉकचेन शासन को प्रभावित करने के लिए अन्यथा उपयोग नहीं की जायेगी। यह कार्डानो ट्रेज़री की अन्य आहरण पर लागू नहीं होता है।

4. कार्डानो ट्रेज़री से आहरण की शासनिक कार्र्वाई के अनुसार निकाली गई कोई भी ada केवल शासनिक कार्र्वाई में घोषित कार्य के लिए उपयोग की जायेगी।

5. कार्डानो ट्रेज़री की निकासी के माध्यम से निकाली गई किसी भी ada को वित्तीय उद्योग के सर्वश्रेष्ठ तौर-तरीकों के अनुसार प्रशासित और प्रबंधित किया जायेगा।

Cardano
Foundation